हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

13 शिव दुर्गा मंदिर में घट स्थापना, अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित...



14 400 शासकीय स्कूलों में 1 हजार प्लस शौचालय का...








## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

**शुभारंभ : अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम मोदी ने किया शुभारंभ**

# सुलभ यात्रा का मार्ग होगा प्रशस्त, व्यापार और परिवहन को मिलेगा बढ़ावा : सांसद अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 7 रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 4 महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मोहभट्टा, बिलासपुर स्थित कार्यक्रम स्थल से अभनपुर-रायपुर के बीच मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। परियोजनाएं राज्य में रेल परिवहन को और मजबूत करेंगी, जिससे यात्री एवं माल परिवहन को महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। अभनपुर से नया रायपुर के लिए बेहतर कनेक्टिविटी अभनपुर, रायपुर, और मंदिर हसौद के बीच मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सेवा छत्तीसगढ़ राज्य मंत्रालय और सचिवालय जाने वाले दैनिक यात्रियों के लिए समय और धन की बचत करेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। नई रेलवे लाइनों और अतिरिक्त ट्रैकों के निर्माण से ट्रेन की गति बढ़ेगी, जिससे यात्रा अधिक तेज और सुगम होगी। रेलवे मार्गों के उन्नयन से कोयला, इस्पात और अन्य सामानों का परिवहन तेज और किफायती होगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी अभनपुर-केन्द्री-मंदिर हसौद रेलवे लाइन नया रायपुर को रेलवे नेटवर्क से सीधे जोड़ेगी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर से अभनपुर के बीच ▶▶|शेष पेज 12 पर







### रोजगार और व्यापार के खुलेंगे नए अवसर : मंत्री कश्यप

वन मंत्री केदार कश्यप ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए एक अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि रेल संपर्क का विस्तार दूरदराज के क्षेत्रों में रोजगार और व्यापार के नए अवसर खोलेगा, जिससे आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा की शुरूआत से रायपुर और अभनपुर के बीच आवागमन सुगम हो जाएगा। नया रायपुर में मंत्रालय, सचिवालय, उद्योग और व्यावसायिक केंद्र होने के कारण इस मार्ग पर यात्रियों की संख्या अधिक रहती है। यह रेल सेवा न केवल दैनिक यात्रियों के लिए किफायती और तेज परिवहन विकल्प साबित होगी, बल्कि व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। इस क्षेत्र में कई स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्थित हैं, जहां हजारों छात्र प्रतिदिन यात्रा करते हैं। उनके लिए यह सेवा किफायती और सुविधाजनक परिवहन का एक महत्वपूर्ण साधन बनेगी। वहीं, अभनपुर और उसके आसपास के पर्यटन स्थलों, विशेष रूप से राजिम, तक पहुंचना अब पहले से अधिक सरल हो जाएगा। इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय व्यवसायों और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# देवांगन समाज मेहनती के साथ हुनरमंद : पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

- फिंगेश्वर राज देवांगन समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

फिंगेश्वर राज देवांगन समाज के वार्षिक ग्राम रावड़ में 27 मार्च रात्रि को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जनपद सदस्य पूजा मुकेश भारती एवं प्रमुख अतिथि सरपंच माधुरी हलधर साहू ग्राम पंचायत रावन थी। अध्यक्षता फिंगेश्वर राज के अध्यक्ष रोशन देवांगन समाज, विशिष्ठ अतिथि खगेश्वर साहू ग्राम पटेल रावड़ एवं कुंजलाल निषाद अध्यक्ष ग्राम विकास समिति रावड़ थे। कार्यक्रम में मुख्यतिथि पूजा मुकेश भारती ने कहा कि देवांगन समाज बहुत ही मेहनती,कर्मयोगी और हुनरमंद के नाम से जाने जाते है। इनका समाज सभी क्षेत्रें मे निरंतर आगे बढ़ रहे है। इनके समाज की उत्तरोतर प्रगति की मै कामना करती हूं। माधुरी हलधर साहू ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे गांव रावड़ मे देवांगन समाज का आधिवेशन हो रहा है जिसमे मुझे अतिथि बनाया गया है पूर्व में भी 2020 के अधिवेशन मुझे मुख्य अतिथि बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।मै समाज को आ"वस्त करती हूँ कि जब भी रावड़ मे भवन निर्माण करना चाहेंगे तो उनके लिए पंचायत के तरफ से जमीन आरक्षित कर दिए गए है।

कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे फिंगेश्वर राज देवांगन समाज के अध्यक्ष रोशन देवांगन ने कहा कि जिस तरह हमारे देवांगन समाज के बुनकर भाई एक एक धागे को पिरोकर वस्त्रों का निर्माण करते है ठीक उसी तरह समाज के निर्माण और उत्थान के साथ संगठित करने के लिए एक एक व्यक्तियों को समाज के मुख्यधारा पर जोड़ने का प्रयास ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आज से

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर ग्राम पंचायत के सहयोग से रेट्रो हूमनकेयर फॉउडेशन द्वारा 31 मार्च से 02 अप्रेल तक सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक ग्राम पंचायत मैनपुर भवन में कम्प्यूटर द्वारा सम्पूर्ण शरीर की जांच आयुवेर्दिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

### डूमाघाट में मोबाइल टॉवर लगाने की मांग

**मैनपुर।** जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत डूमाघाट के ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर को आवेदन देकर मांग किया है कि इस वनांचल क्षेत्र के लोग आज भी दूरसंचार जैसे मोबाईल सुविधाओं से वंचित है नेवटवर्क की बहुत परेशानी है जिसके कारण घटना दुर्घटना की स्थिति में एमजेन्सी सेवा 102 या 108 की काल करने में परेशानी होती है और स्वास्थ्य सुविधा एम्बूलेंस का लाभ नहीं मिल पाता। डूमाघाट के सरपंच व ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि मोबाईल टॉवर लगया जाए।

### मंदिर में ज्योति प्रज्वलित

**महासमुंद।** आज चैत्र नवरात्र के पहला दिन चण्डी मन्दिर कुल्हरिया में चण्डीमाता की पूजा अर्चना कर ज्योत प्रज्वलित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से चैतराम दीवान, कुंवर सिंग दीवान, राजेन्द्र कंवर, देवेन्द्र राय, डायमण्ड कोसरे, खिलावन साहू, गोवर्धन आवड़े, लक्ष्मण दीवान, गणेश राम दीवान, भुखऊ दीवान, रितेश दीवान, रामानन्द दीवान, टीकम दीवान, माधव यादव, गैंद सिंग दीवान, शुशील दीवान आदि की उपस्थिति रही।



# प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश को लेकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना गृह प्रवेश महाअभियान के तहत आज बड़ी संख्या में हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा ग्राम गोपालपुर में पहुंचकर सरपंच कंवली बाई दीवान की उपस्थिति में गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान हितग्राहियों के चेहरे में खुशी देखने को मिली वहीं ग्राम पंचायत कोदोभाठा में जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम भी गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान हितग्राही गिरधारी नायक सक्रिय महिला संतोशी जगत, पिकासो बघेल, चन्द्रीका बघेल, कन्तुला मरकाम, मन्नुराम नागेश, भगवानु नागेश, प्रेमशीला, दीपक ध्रुव गुप्तेश्वर, लिकेश नागेश, विष्णु ओटी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही ग्रामीण उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा की गृहप्रवेश एक गौरव का क्षण है एक गरीब परिवार के लिए पक्का मकान का सपना पूरा हुआ।

### सट्टा-पट्टी नकद के साथ एक गिरफ्तार

**मैनपुर।** सट्टा के खेल में अब बड़े नाम फंसने लगे हैं। गरियाबंद पुलिस ने इस बार एक को सट्टा खेलाते हुए रंगे हाथों धर दबोचा। मामला मैनपुर विकासखण्ड के इंदागांव थाना क्षेत्र के ग्राम खोखमा धुर्वागुड़ी का है, जहां सट्टा के खेल का संचालन गांव के ही हरदू राम नायक उम्र 62 कर रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नाला पुल के पास सट्टा पट्टी का अवैध धंधा चल रहा है, जिसके बाद पुलिस की टीम ने छापा मारा। 1450 रुपये की सट्टा पट्टी और नगदी जब्त पुलिस टीम ने मौके से 1450 रुपये की अंकित सट्टा पट्टी और इतनी ही राशि नगद बरामद की। पकड़े गए आरोपी पर जुआ अधिनियम की धारा 6 (क) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# ट्रांसफार्मर खराब, पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





ग्राम पंचायत हरदी में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से थ्री फेस संबर्सिबल मोटर पंप बन्द हैं। सिर्फ सिंगल फेस लाइन चालू होने के कारण पानी की समस्या को देखते हुए एक ही दिन में पानी के लिए त्राहिमाम हो गया है। माता बहनें एक मुहल्ले से दूसरे मुहल्ले जा रहे हैं। गांव में जिसके यहां स्वयं का घरेलू बोर का साधन है उसके घर से लोग पानी की व्यवस्था कर के अपने अपने घर ले जा रहे हैं। उप सरपंच रुपनाथ बंजारे ने कहा शासन प्रशासन को अवगत कराने पर तुरंत निदान करना चाहिए आम जनता जनार्दनों की विषम गर्मी परिस्थिति में पानी की समस्याएं को देखते हुए। बंजारे ने पीएचई विभाग पर भी कड़ा नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की गांव में एक भी बोरिंग सही नहीं हैं, जो लाइन की समस्या हो तो बोरिंग का उपयोग किया जा सके बोरिंग विभाग वाले भी आंख मूंद कर सोए हुए है अपने विभाग में और लोगों का विक्राल गर्मी में तमाशा देख रहे हैं बहुत सारे बोरिंग में पूरा सामग्री को निकाल कर अंजान बने हुए हैं। सरकार भी चाहती हैं गांव के अंतिम छोर में बसे व्यक्ति को हर सुविधाएं मिले शासन का पर वास्तव में जिम्मेदार विभागों के सुस्ती के कारण आम जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है शासन को चाहिए प्रशासन को सख्त हिदायत दे लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से पहल कर लोगों को सूख सुविधा दिया जाए।

# कौंदकेरा में मानसगान का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कौंदकेरा में 28 से 31 मार्च तक हो रहे संगीतमय मानसगान का समापन 31 मार्च को होने जा रहा है। आखिरी दिवस 8 मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देंगे जिसमें विशेष रूप से कौंदकेरा, बागबाहरा, नवगांव धमतरी, सोरिद,अछोला महासमुंद, छुईहा, भरदागोड़, राजनांदगांव,सिंघोला की पार्टी शामिल है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू ने बताया कि समापन दिवस के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। समारोह में गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-कोमल ढीढी, भाजपा नेता रामाधार साहू मौजूद रहेंगे।


**मंत्रोच्चार के साथ ज्योति प्रज्ज्वलित**

# महामाया मंदिर में 899 एवं शीतला मंदिर में 115 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम।


चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के प्राचीन मां महामाया मंदिर में 899 एवं शीतला माता मंदिर में 115 ज्योति कलश प्रज्जलित किया गया। शुभ मुहुर्त में मां महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी बलदाऊ सिंह ठाकुर एवं बैगा हेमलाल धीवर की उपस्थिति में आचार्य पंडित विजय शर्मा के मंत्रोच्चार से ज्योति प्रज्जवलित हुआ। इस अवसर पर मां महामाया शीतला माता प्रबंध समिति के अध्यक्ष लीलेश्वर यदु, संरक्षक नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, धर्मेंद्र शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, फागुराम निषाद, बाल्मीकी धीवर, राजू साहू, रामनारायण साहू, भवानीशंकर साहू, पवन सोनी, अशोक शर्मा, गोवर्धन सोनी, रामकुमार साहू, रिकेश साहू, साधु निषाद, लखन महोबिया, भोले साहू, अरविंद यदु, जीतू सोनी, राकेश ,रमेश साहू, भवानीशंकर साहू, संजय सोनी, उत्सव महोबिया, चंद्रभान सिंह ठाकुर, लखन निर्मलकर, भारत सेन, राजू निषाद, फागु निषाद मौजूद थे।





# मां काली मंदिर में 278 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नवापारा शहर के सुप्रसिद्ध मां काली मंदिर में 278 ज्योति कलश मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू की मौजूदगी में पंडित शंकर महाराज के मंत्रोच्चारण के बीच शुभ मुहुर्त में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत, प्रकाश, दिलीप यादव, आयुष ठाकुर, पंचु पंडा, नंदु पंडा, मनोज यादव, शेखर ध्रुव पंडा, मन्नु तारक, डॉ. तेजेंद्र साहू सहित देवी मां के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाया गया नववर्ष

**छुरा।** नगर के धार्मिक आस्था के केंद्र मानस मंदिर में प्रतिवर्षानुसार ओंकार शाह अध्यक्ष मानस यज्ञ प्रचार समिति के मार्गदर्शन में हिन्दू नववर्ष का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम शिक्षक मानस परिवार द्वारा सुमधुर हरिनाम संकीर्तन के साथ भजन कीर्तन किया गया। मंदिर के मध्य में बने वरुण कलश एवं देव पंचांग का मंत्रोच्चार के साथ विधान पूर्वक पूजन अर्चन एवं वेद मंत्रों का उच्चारण पुजारी यज्ञेश महराज के द्वारा किया गया। समस्त श्रद्धालुओं के द्वारा शंख ध्वनी कर शुभ बेला को देवताओं को आवाहित किया गया। शंख के ध्वनि से पूरा परिषर पवित्र ध्वनी से गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात प्राचीन यज्ञवेदी में समस्त भक्तजनों, नगरवासियों को यज्ञेश महराज द्वारा हवन कराया गया। हवन पूजा आरती पश्चात मानस मंदिर प्रांगण से भक्तों द्वारा फेरी निकाली गई। नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक होते हुए शीतला मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। इस पुण्य अवसर पर राजा साहब यशपेंद्र शाह, वीरेंद्र पांडेय, शीतल ध्रुव, धनंजय शुक्ला, सफर सचदेव, गोपाल सोनी, अखिल चौबे, नीरज नायक, मिथलेश सिन्हा, निखिल साहू, मंगलमूर्ति सोनी, रुपेश शर्मा, ललित साहू, ललित राठौर, विक्कू चंद्राकर, अजय चंद्राकर, यशवंत यादव, विनोद देवांगन, हीरालाल साहू, मनहरण पटेल, पुखराज ठाकुर, पोषण वर्मा ,ललित वर्मा उपस्थित थे।



# 15 लाख स्मार्ट मीटर लगे, कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी, रीचार्ज कराने पर ही मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को अब आने वाले समय में मोबाइल की तरह रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 15 लाख मीटर लग चुके हैं। आने वाले दो से तीन माह में जिन कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं, उनको प्रीपैड करने की तैयारी है। ऐसा हो गया तो छत्तीसगढ़ बिजली के कनेक्शनों को प्रीपैड करने वाला देश का तीसरा राज्य हो जाएगा। इस समय बिहार और असम में रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलती है। अब छत्तीसगढ़ में भी ऐसा होने वाला है, इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार से मंजूरी का ही इंतजार है। सरकार की मंजूरी मिलने की देर है, कनेक्शन प्रीपैड कर दिए जाएंगे। केंद्र सरकार की स्मार्ट मीटर योजना में अब प्रदेश के सभी वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदला जा रहा है। करीब एक साल से स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो रहा है। प्रदेश में करीब 60 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। अब तक 15 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। जहां रायपुर संभाग में मीटर लगाने का काम टाटा कंपनी कर रही है, वहीं बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

**पोस्टपैड कनेक्शन होंगे बंद:** स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही एलटी वर्ग के सभी उपभोक्ताओं के अब तक चल रहे पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त हो जाएंगे। इनके स्थान पर सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। लेकिन अभी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उनके ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे, सबके कनेक्शन प्रीपैड होते चले जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ बिजली कनेक्शन प्रीपैड करने वाला बनेगा देश का तीसरा राज्य

### अलग-अलग कीमत के होंगे रीचार्ज कूपन

पॉवर कंपनी ने जिन कंपनियों को मीटर लगाने का काम दिया है, वही कंपनी रीचार्ज कूपन भी प्रकाशित करेगी। इसी के साथ मोबाइल की तरह डिजिटल रीचार्ज की भी सुविधा मिलेगी। उपभोक्ता को अपनी खपत के हिसाब से रीचार्ज करना होगा। जिनको लगेगा कि उनकी खपत एक माह में पांच सौ होती है तो वे उतने का रीचार्ज करा सकेंगे। जिनकी खपत ज्यादा होगी, वे ज्यादा का रीचार्ज करा सकेंगे। उपभोक्ता चाहेंगे तो एक से ज्यादा माह के लिए भी रीचार्ज करा सकेंगे, ताकि उनकी बिजली कट होने का खतरा न रहे। रीचार्ज समाप्त होने के पहले मोबाइल की तरह ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज आएगा। अगर रात में किसी उपभोक्ता का रीचार्ज समाप्त होगा तो तत्काल बिजली कट नहीं होगी, उनको रीचार्ज कराने का मौका मिलेगा।



### मिलेगा बिजली बिल हॉफ का फायदा

उपभोक्ताओं के कनेक्शन भले प्रीपैड हो जाएंगे, लेकिन घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की योजना के मुताबिक 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना का फायदा मिलेगा। 400 यूनिट तक की खपत में पैसे आधे लगेंगे। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। इसी के साथ बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है तो उनको 30 यूनिट तक पैसे नहीं लगेंगे, लेकिन इसके बाद की खपत के लिए रीचार्च कराना होगा। रोज की खपत के हिसाब से पैसे कटेंगे।

## खबर संक्षेप



### संपत्ति कर के भुगतान के लिए आज-कल भी खुलेंगे रहेंगे दफ्तर

**रायपुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में संपत्ति कर का किसी कारण से भुगतान नहीं कर पाए लोगों के पास पेनाल्टी से बचने के लिए अभी भी दो दिन शेष हैं। सरकारी छुट्टी होने के बाद भी वे संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए रायपुर नगर निगम प्रशासन की ओर से रविवार और सोमवार को शासकीय अवकाश होने के बाद भी सभी जोन कार्यालयों में संपत्ति कर के भुगतान के लिए दफ्तर को खोले रखने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत लोग आज और कल भी संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं।

### नवरात्रि में मंदिरों के आसपास विशेष सफाई रखने के निर्देश

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने नवरात्रि पर्व के दौरान निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों में स्थित मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने सभी जोन



अधिकारियों को निर्देश दिए है, ताकि मंदिरों के आसपास स्वच्छता बनी रही। महापौर ने स्वच्छता के साथ मंदिरों के आसपास अतिक्रमण न हो और मवेशियों के कारण यातायात बाधित न हो। इसका भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जोन कमिश्नरों को नवरात्रि तक सभी मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा है।

### सत्कर्म ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति, धर्म-कर्म का जीवन में विशेष महत्व



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर 27 से 29 मार्च तक आयोजित विश्व शांति अखंड ब्रह्म महायज्ञ का शनिवार को सामूहिक प्रार्थना, मंत्रोपचार एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर संत बाबा उदयनाथ ने उपस्थित भक्तजनों को आशीर्वाद देते हुए सत्कर्म, धर्म और मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्कर्म मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। मानव जीवन में धर्म और कर्म का विशेष महत्व है। अच्छे कर्मों से ही व्यक्ति न केवल स्वयं का, बल्कि समाज का भी उद्धार कर सकता है। आत्मसात करते हुए सभी से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और देश-समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आव्हान किया। मीडिया प्रभारी अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया, इस अवसर पर सामूहिक प्रार्थना एवं भंडारे का आयोजन महायज्ञ के समापन पर सामूहिक प्रार्थना एवं मंत्रोपचार के साथ किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लेकर विश्व शांति की कामना की।

## हितग्राही परेशान, दुकान संचालकों की भी चिंता बढ़ी

# भौतिक सत्यापन से पहले राशन दुकानों में भंडारण का संकट, नान कर रहा डीओ काटने में देर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक अप्रैल से राजधानी रायपुर सहित जिले की समस्त उचित मूल्य की दुकानों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए संयुक्त टीम बनाई गई है, जिसमें खाद्य विभाग के अधिकारी सहित गृह विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं। यह टीम राशन दुकानों के साथ उनके गोदामों में रखे चावल, शक्कर और नमक के स्टॉक की जांच करेगी। इस जांच में ऑनलाइन स्टॉक और मौके पर मिले स्टॉक में अंतर सहित किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई, तो दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सत्यापन का काम शुरू किए जाने से पहले ही नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। नान से समय पर डीओ काटे नहीं जाने के कारण राशन दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण ही नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण दुकान संचालकों की चिंता भी बढ़ गई है। एक ओर जहां खाद्यान्न के भंडारण नहीं होने से हितग्राही बगैर राशन लिए लौट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भौतिक सत्यापन के ठीक पहले भंडारण नहीं होने से संचालकों को यह चिंता भी सताने लगी है कि कहीं जांच टीम इस बात के लिए उन्हें जिम्मेदार मानकर कार्रवाई न करे।

रायपुर जिले में इन दिनों उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण की समस्या बनी हुई है। कई दुकान संचालकों द्वारा डीओ जमा करने के बाद भी उनकी दुकानों में समय पर चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण नहीं किया जा रहा है। भंडारण नहीं करने का मुख्य कारण नान के अधिकारी एवं कर्मचारी हैं, जिनके द्वारा डीओ जमा होने के बाद एक से दो हफ्ते बाद डीओ आदेश जारी किया जा रहा है। डीओ आदेश जारी होने के बाद ट्रक चालान जारी होता है। इसके बाद ही नान के गोदाम से राशन दुकानों में खाद्यान्न की सप्लाई कर भंडारण किया जाता है, लेकिन पिछले दो सप्ताह से दुकानों में समय पर भंडारण ही नहीं किया जा रहा है। इसके कारण हितग्राहियों को भी कई दुकानों से खाद्यान्न लिए बिना लौटना पड़ रहा है।



### शत-प्रतिशत भंडारण करने छुट्टी के दिन भी खोले रखने का आदेश

वित्तीय वर्ष 2024-25 का क्लोजिंग महीना होने के साथ राशन दुकानों में भंडारण की कमी को देखते हुए विभाग ने 31 मार्च तक सभी दुकानों में मांग के अनुसार भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश में अवकाश के दिनों में भी गोदामों को खुला रखने कहा गया है, ताकि किसी भी दुकान में भंडारण की कमी नहीं हो। इस निर्देश के बाद भी कई दुकानों में भंडारण की कमी बनी हुई है, जबकि माह को खत्म होने में अब सिर्फ दो दिन ही बचे हैं।

### लैप्स हो जाएगा खाद्यान्न

नान की लापरवाही से कई दुकानों में समय पर कभी चावल तो कभी शक्कर व नमक का भंडारण नहीं किया गया है, जिसके कारण कई हितग्राही अभी तक खाद्यान्न दुकान से प्राप्त नहीं कर पाए हैं। अक्सर हितग्राही दुकान से तीनों सामग्री एक साथ लेना चाहता है। एक सामग्री अगर नहीं मिलती, तो हितग्राही दोबारा उसे लेने दुकान नहीं जाता। यही कारण है कि हर महीने कई हितग्राहियों को खाद्यान्न लेने से वंचित होना पड़ता है। भंडारण की कमी से चालू महीने में भी ऐसे कई हितग्राही हैं, जो अब तक खाद्यान्न ले नहीं पाए हैं। आगामी दो दिन के दौरान अगर हितग्राही खाद्यान्न नहीं लेते, तो वह लैप्स हो जाएगा।

### गोदाम में कमीशन का खेल, आम लोगों के प्रवेश पर रोक

सूत्रों के अनुसार गोदामों में एपीएल चावल के वितरण पर कमीशन का खेल चल रहा है। गोदाम में कार्यरत कुछ जिम्मेदार कर्मचारी राशन दुकान संचालकों से एपीएल कोटे का चावल को दुकानों में भेजने के लिए कमीशन की डिमांड करते हैं। पूर्व में इसकी कई बार खाद्य विभाग में शिकायत भी हो चुकी हैं। हालांकि इन शिकायतों पर अब तक जांच नहीं की गई हैं। इसके कारण गोदाम में बैठे कर्मचारियों की भी मनमानी कम नहीं हो रही है, जिसके कारण कई बार डीओ काटे जाने के बाद भी दुकानों में भंडारण करने में देर की जाती है।

### कार्रवाई की जाएगी

दुकानों में भंडारण धीमी गति से किए जाने की शिकायत आई है। इस संबंध में नान के अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इसके बाद भी अगर किसी दुकान में समय पर भंडारण नहीं हुआ है, तो शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रण**



### मैनपुर में ईद का पर्व आज मनाया जायेगा

**मैनपुर।** एक महिने के पूरे रमजान के रोजे मुकम्मल होने के बाद सोमवार को ईद का त्यौहार मैनपुर मे मनाया जायेगा। सुबह 8 बजे रजा मस्जिद से जुलुस की शक्ल मे ईदगाह पहुंचकर सुबह 8:30 बजे ईद की विशेष नमाज अदा किया जायेगा और प्रदेश देश मे अमन ,शांति ,खुशहाली के लिए दुआ किया जायेगा। ईद पर्व को लेकर मुस्लिम समाज के लोगो मे भारी उत्साह देखने को मिल रही है और सभी तैयारी जूटे हुए है गर्मी मे रोजेदार एक माह रोजा पूरा कर सोमवार को ईद मनायेंगे। मुस्लिम परिवारो मे ईद पर्व को लेकर भारी खुशी देखने को मिल रही है ईद का पर्व रमजान के 01 माह रोजे पूरा करने के बाद मनाया जाता है और मुस्लिम परिवारो मे ईद के चलते जमकर तैयारियां की जा रही है मीठी सेवई की खुशबु की महक आने लगी है जमकर कपड़ा व अन्य सामाग्री की खरीददारी जमकर किया जा रहा है घरो का सजावट घर का रंग -रोगन का कार्य किया जा रहा है। मुस्लिम समाज के लोग ईद की त्यौहार के लिए कपड़े, सेवई, मेवा वगैरा की खरीददारी करने मे लग गये है। मुस्लिम समाज अध्यक्ष हनीफ मेमन ने बताया मैनपुर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हनीफ मेमन ने बताया की ईदगाह मे ईद की नमाज अदा किया जायेगा ईद का पर्व भाईचारा और सद्भावना का संदेश देता है। श्री मेमन ने बताया ईदगाह मे ईद की नमाज को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है ईदगाह की साफ सफाई रंग रोगन का कार्य हो गया है सुबह 8 बजे रजा मस्जिद से जुलुस की शक्ल मे मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचेंगे और 8:30 बजे ईद की विशेष नमाज अदा की जायेगी इसके बाद कब्रिस्तान मे पहुंचकर अपने मरहुमो को याद कर फातिया खानी होगी। ईद उल फितर ऐसा त्यौहार है जो सभी को इंसानियत का पैगाम देता है मुसलमान रमजान के पूरे माह रोजे रखने के बाद उन्हे ईद का ईनाम मिलता है ईद लोगो मे बेपनाह खुशिया बाटती है और आपसी मोहब्बत का पैगाम देती है गरीब से गरीब आदमी भी ईद को पूरे उत्साह से मनाता है इस दिन अमीर और गरीब का अंतर मिट जाता है खुदा के दरबार मे सब एक है अल्लाह की रहमत हर एक पर बरसती है और ईद के नमाज के बाद सब एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते है वहीं दूसरी ओर रमजान और ईद मे जकात और फितरा का विशेष महत्व है क्योकि ईद से पहले जरूरतमंदो को अपनी कमाई का कुछ हिस्सा देना फर्ज जरूरी है जिससे गरीब से गरीब भी खुशी के साथ ईद का त्यौहार मना सके ईद का पर्व इंसानियत भाईचारा का पैगाम देता है।

# चैंबर चुनाव की तारीख में बदलाव, सरगुजा में 14 व महासमुंद-रायगढ़ में 16 को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया के तहत शनिवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने आवश्यक बैठक बुलाई। इस बैठक में उन्होंने सरगुजा, रायगढ़ और महासमुंद में होने वाले चुनाव की तारीख में बदलाव किया है। इनमें रायगढ़ और महासमुंद में 16 अप्रैल को तथा सरगुजा में 14 अप्रैल को चुनाव कराया जाएगा।



### महासमुंद के मतदाता अब महासमुंद में ही करेंगे वोट

महासमुंद जिले के मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पहले रायपुर में बनाया गया था। इस बैठक में महासमुंद की तारीख के साथ मतदान केंद्र को भी बदला गया है। महासमुंद के मतदाता अब अपना वोट महासमुंद स्थित मतदान केंद्र में ही 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कर पाएंगे। इसी प्रकार रायगढ़ में भी इसी तारीख को मतदान कराया जाएगा।

### मतगणना 18 को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्व में चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना की तारीख 6 एवं 7 मई निर्धारित की गई थी, लेकिन जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री पद के लिए अधिकतर जिलों से केवल एक-एक प्रत्याशी के ही नाम आए हैं। इससे निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बन रही है। इसे देखते हुए मतगणना 18 अप्रैल को रायपुर के चैंबर भवन में होगी।

### प्रमाण पत्र मिलने तक नहीं करें निर्वाचित होने का प्रचार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में यह भी स्पष्ट निर्देश दिए है कि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है। अतः मतदान और मतगणना संपन्न होने तक आचार संहिता लागू है। इस दौरान जिन पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी है वे भी निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र जारी होने तक प्रत्याशी ही रहेंगे, इसलिए स्वयं को निर्विरोध निर्वाचित लिखकर प्रचार प्रसार न करें, नहीं तो उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सतनामी समाज के तीर्थस्थल सिलयारीबाहरा संतोषपुरी धाम तक होगा सड़क का निर्माण

## 11 करोड़ 11 लाख रुपए के विकास कार्यों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

एक बार फिर राजिम विधायक रोहित साहू के विशेष प्रयासों से राजिम क्षेत्र के तरक्की एवं विभिन्न विकास कार्यो के लिए 11 करोड़ 11 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। विधायक द्वारा लगातार करोड़ों रूपए की स्वीकृति दिलाए जाने पर क्षेत्र के लोगो में हर्ष की लहर है। विधायक श्री साहू ने इस बार जो राशि स्वीकृत कराया है उसमें प्रमुख रूप से सिलयारी बाहरा संतोषपुरी धाम तक चार किमी के सड़क के लिए 7 करोड़ 81 लाख रुपए शामिल है। इस पवित्र धाम के बारे में मान्यता है कि बाबा गुरु घासीदास जब सतनाम पंथ के प्रवर्तक के रूप में समाज को जोड़ने का काम कर रहे थे तो वे यहां आकर रूके थे तब से सतनामी समाज की आस्था के केंद्र के रूप में संतोषपुरी धाम को जाना जाता है और यह स्थान प्रसिद्ध है जहां भव्य मेले का आयोजन भी होता है। इस पवित्र धाम में आने-जाने में लोगो की परेशानी को देखते हुए समाजजनों ने विधायक से विगत दिनो मांग की थी जिसे पूर्ण करने संकल्प लिया था। यह संकल्प पूरा हुआ है। अन्य स्वीकृत विकास कार्यों में विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के ग्राम पिपरछेड़ी में गली कांक्रीटीकरण कार्य शीतला चौक से सतनामी समाज पारा गली तक 7.80 लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कौंदकेरा ग्राम रामनगर में गली कांक्रीटीकरण कार्य तालाब से नदी पहुँच मार्ग तक 7.80 लाख, विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत खुटेरी गली कांक्रीटीकरण कार्य प्रहलाद घर से चोवा घर तक 7.80 लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत बेलटुकरी गली कांक्रीटीकरण कार्य वार्ड क्र. 13 व 14 में 7.80 लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत तर्रा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य सतनामी समाज पारा 6.50 लाख, विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत तर्रा में गली कांक्रीटीकरण कार्य साहू समाज भवन के पास 2.60 लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत परसदाकला के ग्राम खुड़सा में गली कांक्रीटीकरण कार्य सुंदर घर से द्वारिका ध्रुव घर तक 5.20 लाख, विकासखण्ड छुरा के ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में गली कांक्रीटीकरण कार्य वार्ड क्र. 4 में 5.20 लाख।

### पंचायत श्यामनगर में 25 लाख से होगा टिन शेड निर्माण

विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत तर्रा में मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय शेड निर्माण 4.79 लाख विकासखण्ड छुरा के ग्राम पंचायत जरगांव के ग्राम में पण्डरीपानी में मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय शेड निर्माण



4.79 लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत देवरी में व्यावसायिक परिसर निर्माण बाजार चौक में 15 लाख, फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत पितईबंद में सी.सी रोड निर्माण 10 लाख,फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत पाटसिवनी में सी. सी. रोड निर्माण 10 लाख, फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कनेसर के ग्राम जुनवानी में सी. सी.रोड निर्माण 10 लाख,फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कौंदकेरा में गली कांक्रीटीकरण कार्य एवं नाली निर्माण सतनामी समाज पारा गली में 20 लाख रुपए,फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत श्यामनगर में टिन शेड निर्माण कार्य शीतला के पास 25 लाख, फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत जेंजरा में सी.सी रोड निर्माण कार्य कपसीडीह मार्ग से शीतला मंदिर तक, मुख्य मार्ग से हाईस्कुल तक 10 लाख,फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत जेंजरा में टीन शेड निर्माण कार्य बजरंग चौक में 10 लाख रुपए,फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द में टीन शेड निर्माण कार्य बाजार चैक के पास 10 लाख,फिंगेश्वर सिर्रीखुर्द में सी.सी रोड निर्माण कार्य मुक्तिधाम पहुँच मार्ग में 10 लाख,फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत किरवई में मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय शेड निर्माण कार्य 7 लाख, फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत किरवई में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य पुजेरिन के पास 7 लाख, फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत किरवई में रंगमंच निर्माण कार्य टिकरापारा में 3 लाख की स्वीकृति मिली है।

# सच्ची भक्ति व प्रेम में भगवान स्वयं अपने भक्तों की करते हैं रक्षा : दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

परसदाकला ग्राम में खुलिया बाई साहू परिवार के तत्वावधान में 25 से 2 अप्रैल तक भागवत कथा का ओयोजन चल रहा है। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं ने रुक्मणी विवाह प्रसंग का आनंद लिया। कथा वाचक आचार्य पंडित विष्णु दूबे ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी के विवाह की कथा सुनाते हुए भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि रुक्मणी विवाह प्रेम, समर्पण और भक्ति, दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मणी का हरण कर विवाह करना यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति और प्रेम में भगवान स्वयं अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इस अवसर पर बीच बीच में प्रेरक भजन का भी मधुर संगीत सुनाये जा रहे थे। भक्तिमय भजनों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भागवत कथा सुनने वालो में विशिष्ट लोगों में सरपंच परसदाकला गणेश साहू, उपसरपंच पिलेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच मिथलेश साहू, मोहन निषाद, विश्राम निषाद, रेखराज साहू, गोकुल, छवि, जयराम, टिकम, भोज, नारायण, रवि साहू, राजू सेन, डेमन साहू, नारद साहू उपस्थित थे।



## पेज 11 के शेष...

### सुलभ यात्रा का...

शुरू की गई मेमू ट्रेन का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और इसे क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह सुविधा न केवल सस्ती और सुलभ यात्रा का मार्ग प्रशस्त करेगी बल्कि स्थानीय व्यापार और परिवहन को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए रेल्वे अधिकारियों से आग्रह किया कि भविष्य में इस ट्रेन को बस्तर, सरगुजा और जशपुर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों तक जोड़ा जाए, ताकि छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा रेल्वे नेटवर्क से जुड़े।

**नई परियोजनाओं से प्रदेश में परिवहन व्यवस्था होगी मजबूत-**भारतीय रेल्वे लगातार यात्रियों के लिए सुरक्षित, आधुनिक और तेज परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराने के प्रयास में जुटा है। इन नई परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ में परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी, जिससे सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा। सरकार और रेल्वे प्रशासन का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ को रेल्वे विकास के माध्यम से देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल किया जाए। यह पहल एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को और अधिक सशक्त बनाएगी और राज्य की कनेक्टिविटी को नए आयाम तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील कुमार सोनी, विधायक पुरन्दर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक इंद्र कुमार साहू, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### देवांगन समाज...

करना हमारा मुख्य उद्देश्य रहेगा एवं समाज के हर व्यक्ति की सोच भी यही होनी चाहिए तभी हमारा समाज मजबूत हो पायेगा। आज समाज के पदाधिकारी सही और चरित्रवान ईमानदार होंगे तभी समाज को सही दशा एवं दिशा मिल पायेंगे। अन्यथा समाज के समाज के गलत कदम गलत निर्णय दिशा भ्रमित होने से पदाधिकारी अपनी इज्जत के साथ साथ समाज को भी ले डूबते हैं। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रावीण्य सूची स्थान पाने वाले 2 बालक 1 बालिका को 1100-1100-रुपए नगद एवं पुरष्कार एवं प्रसस्ति पत्र, श्री फल से देकर सम्मानित किया गया। वहीं उनके माता पिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथियों ने भी संबोधित करते हुए सामाजिक एकता पर बल दिया। अतिथियों का आभार प्रदर्शन अध्यक्ष रोशन देवांगन, संचालन सचिव योगेश देवांगन, मंच प्रभारी कमलनारायण देवांगन थे। इस दौरान कमल नारायण देवांगन, सालिकराम देवांगन, विरसिंग देवांगन, उपाध्यक्ष भोज राम देवांगन, सचिव योगेश देवांगन, सहसचिव निरंजन देवांगन, कोषाध्यक्ष नारद देवांगन, सह कोषाध्यक्ष डोमेन देवांगन, सलाहकार पूरन देवांगन, पंचगन भाऊ राम देवांगन, छबिराम देवांगन, जीवन देवांगन, रूपचंद देवांगन, मनोज देवांगन, खिलेश देवांगन, संतु देवांगन, शिव देवांगन, हरीश देवांगन, हिरदे देवांगन, रामप्रकाश देवांगन, संतोष देवांगन, तिरिथ देवांगन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### एचएम केशोराम शिक्षादूत पुरस्कार से हुए सम्मानित

**फिंगेश्वर।** जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकार योजना के अंर्तगत शिक्षा दूत पुरस्कार 2025 केशो राम साहू को उनके जीवन काल में उत्कृष्ट कार्य एवं सेवाभाव के लिए उनके सेवा का सम्मान विधायक राजिम रोहित साहू, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, एद्र के सारस्वत गरियाबंद द्वारा प्रदान किया गया। जो उनके जीपन भर की कमाई हैं उनके सेवा का सम्मान हर शिक्षकों का सामान से जो निःस्वार्थ भाव से देश के नन्हे बच्चों के भविष्य के लिए अपनी पुरा जीवन लगा देते है। उन सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणा देने वाला यह समारोह रहा। ऐसे सम्मान से न केवल एक शिक्षक को सम्मान मिलता अपितु सभपूर्ण निःस्वार्थ अपितु यह सभी सेवाभाव रखने वाले लोगो का सम्मान है केशोराम साहू एक सामान्य जीवन जीने वाले एक दयालु व्यक्तत्वि के धनी है उनका पूरा जीवन पूर्ण रूप से सघर्ष पूर्ण होने के बाउजूद उन्होंने अपने कार्य को सर्वोपरि मानकर अपने कार्यकाल में एक शिक्षक की भूमिका का अपने कर्तव्यों का निर्वहन बड़े ईमानदारी और निःस्वार्थ सेवा के रुप में किया। उल्लेखनिय है कि प्रधान पाठक केशोराम साहू ग्राम परसट्टी विकासखंड फिंगेश्वर के निवासी होकर वे शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर में अपना सेवा दिया है और यह उनके कार्यकाल का अंतिम वर्ष है। उनकी इस सफलता के लिए उनके शुभचिंतको मित्रों ने शुभकामनाएं दी है।

### भीखम पाइप लाइन परियोजना के सक्षम प्राधिकारी नियुक्ति

**फिंगेश्वर।** विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम बारूला निवासी रायपुर के पूर्व अपर कलेक्टर भीखम चंद साहू को नई दिल्ली के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रलय के द्वारा छत्तीसगढ़ मे हिंदुस्तान पेट्रालियम कार्पोरेशन लिमिटेड के



विसाखापटनम–रायपुर पाइपलाइन परियोजना के लिए सक्षम प्राधिकारी की नियुक्ति दी गई है जिसको लेकर नगर सहित अंचल में हर्ष की लहर है। वे किसान पुत्र होते हुए अपनी शिक्षा दीक्षा में ध्यान देकर सरकारी नौकरी करते हुए विभिन्न पदों पर आसीन हुए एवं सेवानिवृत से पहले वे रायपुर के अपर कलेक्टर के रूप मे कार्यरत रहे। उनकी काबिलियत एवं कार्यो को देखते हुए उन्हे केन्द्र सरकार ने फिर एक बार हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड विशाखापटनम रायपुर पाइप लाइन परियोजना के लिए सक्षम प्राधिकारी की जवादारी सौंपी है। इस बाबत भारत सरकार से उन्हे नियुक्त आदेश जारी किया गया है। उनके सक्षम प्राधिकारी बनने पर भागवत हरित, रामूराम साहू, दीपक पोद्दार, ओमप्रकाश बछोर,सुकदेव साहू,घनाराम साहू,केशव साहू,शिवचरण साहू,नोस राम साहू,निखिल साहू,संदीप साहू,केसी साहू, मोती यादव,तुलस यादव, कमलेश साहू,तिरथ यादव आदि नागरिकों ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

---

**नवरात्रि : भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन, नौ दिन तक होंगे विशेष धार्मिक अनुष्ठान**

# शिव दुर्गा मंदिर में घट स्थापना, अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित, श्रद्धालुओं ने की मां की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर गरियाबंद के मेन रोड स्थित शिव दुर्गा मंदिर में भक्तों ने विधिवत घट स्थापना कर मां दुर्गा की भक्ति में लीन होकर पूजा-अर्चना की। मंदिर प्रांगण में पूरे विधि-विधान के साथ अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई, जो नौ दिनों तक जलती रहेगी। इस अवसर पर भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने माता के भजनों का गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजन-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि, शांति और आरोग्यता की कामना की। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने दर्शन कर मां के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूजा के बाद मंदिर समिति द्वारा प्रसाद वितरण भी किया गया। इस धार्मिक आयोजन में शत्रुघ्न साहू, सोहन लाल देवांगन, सत्यप्रकाश मानिकपुरी, केशव साहू, विजय साहू, दीनू निर्मलकर, पंडित खड़ानंद दुबे, संजय साहू, आशीष तिवारी, वर्षा तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर आशीष तिवारी ने कहा की चैत्र नवरात्र शक्ति, साधना और आत्मशुद्धि का पर्व है। यह समय आत्मसंयम और मां की आराधना का होता है, जिससे हमें सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। अखंड ज्योति और घट स्थापना का विशेष महत्व है, जो मां दुर्गा की कृपा को आमंत्रित करता है।



### सिद्धि माता कर्राबाधिन मंदिर में 202 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

**छुईहा बेलर।** आदिशक्ति मां दुर्गा स्वरूप कर्रावाधिन मंदिर में चैत्र नवरात्री के मंगलमयी अवसर पर ज्योति कलश स्थापना का कार्यक्रम महामण्डलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण महाराज जी सिरकटी आश्रम श्री भगत बाा गिरीराज जी परेवाडीह वाले के मार्गदर्शन में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित है। इस बिच धार्मिक अनुष्ठान एंव पुजा अर्चना का आयोजन होंगे।इनके संचालन के लिए समस्त सेवा समिति पांच गांव जोगीडिया, बोड़की, फुलझर, चरौदा, चरमट्टी, है। समीति सदस्य वेदराम साहू,भूलू सेन ने कहा 202 ज्योति कलश की स्थापना हूई है। माता श्रृंगार पंचमी,5 अप्रैल को अष्टमी हवन पुजन होंगें। वहीं बोडकी शीतला मे भी जोत ज्वारा का आयोजन किया गया है।

### मां की कृपा से हर संकट टल जाता है : वर्षा

वहीं, वर्षा तिवारी ने कहा की मां दुर्गा हम सबकी रक्षक हैं। नवरात्रि के नौ दिन हमें मां की नवशक्तियों की साधना करने और अपने जीवन को नई दिशा देने का अवसर प्रदान करते हैं। माँ की कृपा से हर संकट टल जाता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पूरे नौ दिन तक विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। इसमें नित्य हवन, भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती पाठ और कन्या पूजन का आयोजन होगा। मंदिर में राम नवमी के दिन भव्य हवन और महाआरती भंडारा के साथ नवरात्रि का समापन किया जाएगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से संपूर्ण नवरात्रि के दौरान माता के दरबार में आकर दर्शन करने और धार्मिक आयोजनों में भाग लेने की अपील की। इस दौरान भक्तों की सेवा के और जल व्यवस्था भी की जाएगी। माँ दुर्गा की भक्ति में डूबे श्रद्धालु इस पर्व को बड़े उत्साह और आस्था के साथ मना रहे हैं। गरियाबंद का शिव दुर्गा मंदिर इन दिनों भक्तों के जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंज रहा है, जो एक दिव्य और पवित्र वातावरण का सृजन कर रहा है।

---

## भाटीगढ़ में नवरात्रि के प्रथम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मैनपुर।** चैत्र नवरात्र व हिंदू नव वर्ष के प्रारंभ के साथ रविार को चैत्र नवरात्र पर्व पर क्षेत्र भर के देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। तहसील मुख्यालय मैनपुर वन विभाग मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 के प्रारंभ के साथ चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को वासंती नवरात्र पर्व पर अभिजीत मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए एवं जवारे बोए गए व देवी मंदिरों में नए ध्वज चढ़ाए गए मैनपुर स्थित वन विभाग कॉलोनी के दुर्गा मंदिर में 87 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं वही शिव मंदिर फुलझर स्थित मां भगवती मंदिर ,उदंती स्थित माता मंदिर एवं बाजा घाटी मंदिर में भी भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश जलाए गए हैं नवरात्र के प्रारंभ के साथ ही माता सेवा भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी शुरू हो गया है अंचल के देवी मंदिरों में आज सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई देर शाम तक भक्त मंदिर में माता के दर्शन के लिए पहुंचते रहे। मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल पैरी उद्गम मे सैकड़ों की संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए है। यहां पहाड़ी के नीचे तथा शिवमंदिर में ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाते हैं और पूरे 9 दिन नवरात्र मे रात में देवी-देवताओं की सवारी निकाली जाती है। माता सेवा मे भारी भीड़ देखने को मिलता है। आज नवरात्र के प्रथम दिन पैरी उद्गम भाठीगढ़ मे श्रद्धालुओ की अपार भीड़ लगी रही। चैत्र नवरात्र रविवार आज से शुभारंभ हुआ इसे लेकर विभिन्न देवी मंदिरों में मां के नौ स्वरूपों की अलग–अलग दिन अलग अलग रूप की श्रद्धालु आराधना कर आशीर्वाद ले रहे है जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में नौ दिन तक श्रद्धालुओं के दर्शन करने के आगमन से नवरात्र धार्मिक उत्सव की तरह की मनाया जाएगा। देवी मंदिरों को आकर्शक सजाया गया है पैरी उदगम भाठीगढ़ में नवरात्र पर्व को लेकर ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों द्वारा जोर–शोर से तैयारी किया गया है यहां आर्चाय राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा पूजा अर्चना सम्पन्न करवाया जा रहा है श्री पैरी उदगम लोककला एवं ग्राम विकास समिति भाठीगढ़ द्वारा नवरात्र में विशेष पूजा अर्चना के साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठंडा जल व्यवस्था की जा रही है। प्रमुख हरिशचंद नेगी, बैगा छबीराम ध्रुव, पुजारी देवी सिंह चक्रधारी, आशाराम यादव, नाथूराम धुर्वा, भागीरथी ध्रुव, जयराम पाड़े, घसिया राम नेगी, नारद नेगी, राजेन्द्र साहू, थानुदास वैष्णव, भोलाराम नागेश, विरेन्द्र साहू, खेलन धुर्वा, भगवान धुर्वा, महेन्द्र नेगी, बुधराम निर्मलकर, तुलसीराम नागेश एवं ग्रामवासियों द्वारा नवरात्र पर्व में जोर-शोर से तैयारी किया जा रहा है।



---

## पीएम मोदी का विधायक ने किया स्वागत, लिया आशीर्वाद...



**राजिम।** छत्तीसगढ़ के पावन भूमि में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर राजिम विधायक रोहित साहू ने आत्मीय स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक श्री साहू ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण छत्तीसगढ़ एवं राजिम विधानसभा के विकास और समृद्धि की नई संभावनाओं को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रेरणा है। प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में भारत प्रगति के नए आयाम गढ़ रहा है, और छत्तीसगढ़ भी इस विकास यात्रा में अपनी सशक्त भूमिका निभा रहा है।

---

**रसेला सुक्ष्म सिंचाई परियोजना के लाभान्वित किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न**

## टपक सिंचाई पद्धति को अपनाकर रोक सकते हैं पानी की बर्बादी : एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला और मेडकीडबरी कृषकों का टपक सिंचाई प्रणाली किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को ग्राम रसेला के हनुमान मंदिर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, विशेष अतिथि ग्राम पटेल लोकराम यादव, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम प्रमुख डीआर यादव, पूर्व सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उपसरपंच धनसाय ध्रुव, कमलेश्वर नायक, ग्राम प्रमुख जनकराम ध्रुव, जल संसाधन विभाग रायपुर के एसडीओ, छूरा एसडीओ, अरविंद अग्रवाल मौजूद थे। रायपुर के एसडीओ ने कहा कि परंपरागत खेती के तरीकों मे भू गर्भ जल का 85 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है। एक क्विंटल धान पैदा करने में ढाई लाख लीटर पानी खर्च होता है। किसान टपक सिंचाई पद्धति को अपनाकर पानी की बर्बादी रोक सकता है। टपक सिंचाई को बूंद बूंद सिंचाई या ड्रिप सिंचाई के नाम से भी जाना जाता है। मालूम हो कि रसेला में बने एनीकेट से रसेला और मेडकीडबरी के कृषकों को सुक्ष्म सिंचाई के माध्यम से खेत में टपक विधि का इस्तेमाल कर किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, विशेषकर ड्रिप सिंचाई के माध्यम से खेती में सुधार लाने के तरीके से अवगत कराना है। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने बताया कि सुक्ष्म सिंचाई परियोजना के तहत दोनों गांवों के कृषकों को इसका लाभ मिलेगा। पूर्व सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि किसानों को यह समझ में आया कि कैसे आधुनिक कृषि तकनीकी को अपनाकर अपनी उपज में सुधार और बेहतर बाजार मूल्य हासिल किया जा सकता है। सभी अतिथियों ने बारी-बारी से अपने अपने विचार व्यक्त किये। कुल 60 किसानों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। इस मौके पर नंदकिशोर यादव, संतराम ठाकुर,कृष्णलाल चक्रकार, भावसिह मरकाम, यशराम यादव, मोहम्मद इकबाल, नंदू दास मानिकपुरी, योगराम नागेश, कचरू राम निषाद, ईश्वर ठाकुर, रामायण ठाकुर, गिरवर सिंह सोरी, लोकराम ध्रुव, भुनेश्वर कुमार, पंचराम, लच्छन यादव, यशवंत, अमरसिंह,मिलन मरकाम, सोहन मरकाम, करण सहित दोनों गांवों के किसान उपस्थित थे।




---

## सीआरपीएफ ने ग्रामीणों को बांटी दैनिक उपयोग की सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम परियाबाहरा में आज रविवार को सीआरपीएफ 65 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन का आयोजन किया गया। राधेश्याम सिंह कमाण्डेंट 65 बटाद्व की उपस्थिति/दिशा निर्देशन में राजीवा रतन, सहाद्वकमाद्व समवाय अधिकारी /65 बटाद्व के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम किया गया जिसमें ग्राम परियाबाहरा, महाडुला, महेन्द्रगढ़, बागडबरा, खमारीपारा, बेगरपाला एवं मर्दाकला के लगभग 350 ग्रामीण लाभान्वित हुए। जिसमें महिलाए, बच्चे एवं बुजुर्गों नें बढ़–चढ कर हिस्सा लिया। बच्चों के लिए शिक्षा/खेल–कूद से संबन्धित आवश्यक सामान, ग्रामीणों के लिए दैनिक उपयोंग में आने वाले सामान, एवं किसानों के लिए उपयोंग में लाये जाने वाले कृषि उपकरण इत्यादि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की सहायता करना, गांव के विकास में योगदान देना और युवाओं को शिक्षा और खेल के माध्यम से मुख्यधारा में शामिल करना है। इस पल का उद्देश्य सकारात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देकर क्षेत्र में नक्सलवाद के प्रभाव को कम करना भी है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान के साथ संतोष और सीआरपीएफ के प्रति आभार प्रतिलक्षित हो रही थी।

### हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

इस अवसर पर राधे श्याम सिंह कमाण्डेन्ट 65 बटालियन द्वारा वाहिनी की गतिविधियों के संबंध में अवगत कराते हुए आसपास के ग्रामीणों को भयमुक्त जीवन यापन करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन से आपसी तालमेल के साथ ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इसके अतिरिक्त बताया की वाहिनी द्वारा समय-समय पर इस प्रकार आयोजन किये जाते रहे हैं, जो कि ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में सहायक है। वहीं दूसरी ओर नक्सलीयों की गतिविधियों को उजागर करने में भी कारगर सिद्ध हो रहा हैं। वाहिनी द्वारा भविष्य में भी हम नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों के विकास के लिए हमेंशा सहयोग करते रहेंगे। कमांडेंट द्वारा हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस सिविक एक्शन प्रोग्राम को सफलता पूर्वक पूर्ण करने के लिए राधे श्याम सिंह कमांडेंट 65 बटालियन, नेतृत्व में सुधेन्द्र सिंह उप कमाण्डेन्ट, राजीव रतन सहाद्व कमाण्डेन्ट, निरी/जीडीद्व गगन बिहारी निरी/जीडीद्व डीद्वपीद्व चतुर्वेदी, निरी/जीडीद्व शंकर सिंह, पुलिस प्रभारी बिन्द्रानवागढ़ चौकी तथा ग्राम के सरपंच एवं जी / 65 बटा0 के जवान भी मौजूद रहे।



---



### छात्र-छात्राओं ने संस्कृत में किया संवाद

**गरियाबंद।** शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का सफल समापन हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने संस्कृत भाषा में संवाद करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सहायक प्राध्यापक सी.एल. तारक ने संस्कृत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सढ़ौली की सरपंच लक्ष्मी ठाकुर ने की। विशेष अतिथि के रूप में उपसरपंच लीलांबर शांडिल्य, सरपंच प्रतिनिधि मोहन ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक कामता प्रसाद नाग, ग्राम पटेल लीलाराम ठाकुर, सत्यप्रकाश मानिकपुरी, लोकनाथ साहू, के.के. निर्मलकर, व्याख्याता पुष्पक सिंह चौधरी, भुनेश्वर कुर्रे, बोधन लाल काशी और देवेंद्र कुमार काशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्कृत भारती के कार्यकर्ता होमेश्वर चंद्राकर ने भी विशेष रूप से भाग लिया। मंच संचालन कुमारी सुनैना कश्यप ने संस्कृत भाषा में श्लोकों और सूक्तियों के माध्यम से किया। अंत में संस्कृत विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रेमानंद महिलांग ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

---

**मैनपुर क्षेत्र के जंगल में चिरोंजी के फल पक कर तैयार**

# चिरौंजी पौधों के रोपण को लेकर वन विभाग गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर क्षेत्र के जंगलो में डेढ़ दशक पूर्व तक नगर से नजदीक जंगल से लेकर कुल्हाड़ीघाट, तौरेंगा, गोबरा, छिन्दौला क्षेत्र में भारी तादात में चिरौंजी चार के वृक्ष हुआ करते थे लेकिन लगातार इसके फल को प्राप्त करने के चक्कर में अवैध कटाई के कारण अब क्षेत्र के जंगल में यह वृक्ष बेहद कम हो गया है जो चिंता का विशय है। हर वर्श बारिश के दिनों में वन विभाग द्वारा जंगलो व खाली मैदानो में अनेक प्रकार के वृक्षो का रोपण किया जाता है लेकिन चार चिरौंजी पौधो के रोपण को लेकर विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहे है जबकि कार्ययोजना बनाकर क्षेत्र के जंगलों में चार चिरौंजी के पौधों का रोपण किया जाना बेहद जरूरी हो गया है। मिठाई, हलवा, खीर, और मेवे का स्वाद व शरीर में इम्यूनिटी बढ़ाने वाली बहुउपयोगी चिरौंजी का वृक्ष अत्याधिक दोहन और रोपण के अभाव में विलुप्ति के कगार पर है अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ आईयूसीएन ने चिरौंजी चार को बहुत पहले ही रेड डाटा बुक में शामिल कर लिया है इसके बावजूद वन विभाग द्वारा इस वृक्ष के रोपण की दिशा में उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है समय रहते यदि ठोस कदम नही उठाया गया तो आने वाले दिनों में चिरौंजी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच जायेंगे। मैनपुर क्षेत्र के जंगल में दो दशक पहले तक भारी संख्या में चिरौंजी के वृक्ष पाये जाते थे इसके बावजूद इसकी कीमत सर्वाधिक है बाजार में चिरौंजी के दाने 1400 रूपये प्रतिकिलो के हिसाब से मिलता है। क्षेत्र के प्राकृतिक प्रेमी शेखर पटेल, पारेश्वर नेगी ने बताया की चार चिरौंजी की संरक्षण की दिशा में ठोस कार्ययोजना वन विभाग को बनाना चाहिए जिन्हे मुर्तरूप देकर चार को संरक्षित व सवंर्धित किया जा सकता है। चिरोंजी फल अत्याधिक प्राप्त करने की लालच में इसके वृक्ष को ही काट दिया जाता है जिसके कारण चिरोंजी के पेड़ कम होते जा रहे है।

### अवैध कटाई से अस्तित्व संकट में



### चिरोंजी का फल पक कर तैयार

मैनपुर क्षेत्र के जंगलो में इन दिनो चिरोंजी का फल पक कर तैयार हो गया है और ग्रामीण क्षेत्र से लोग इसे बेचने के लिए बाजार तक पहुंच रहे है खाने में काफी स्वादिष्ट खट्टा–मिठा इसके फल काफी आकर्षक दिखाई देता है 20 रुपए प्रति दोना के हिसाब से बाजार में चिरोंजी फल मिल रहा है।

---

## झूलेलाल के जन्मोत्सव पर सिंधी समाज में उमंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

चैत्र शुक्ल द्वितीया से सिंधी नववर्ष का शुभारंभ होता है, जिसे चेटीचंड के नाम से जाना जाता है। चैत्र मास को सिंधी भाषा में 'चेट' और चांद को 'चण्डु' कहा जाता है। इसीलिए चेटीचंड का अर्थ है 'चैत्र का चांद'। इस वर्ष यह पावन पर्व रविवार को मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सिंधी समाज के लोग गरियाबंद के स्वामी आत्मानंद स्कूल के समीप एकत्रित हुए, जहां समाज द्वारा चेटीचंड के पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं के लिए शरबत और चना प्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जो प्रसाद ग्रहण करते हुए आनंद और भक्ति में डूबे नजर आए। सिंधी इस त्योहार को भगवान झूलेलाल के जन्मदिन समारोह के रूप में मनाते हैं, जिन्हें उदरोलाल के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें उनके संरक्षक संत के रूप में जाना जाता है। इस दिन वरुण देव झूलेलाल के रूप में अवतरित हुए थे। उन्होंने सिंधी संस्कृति और हिंदू धर्म को होने से बचाने के लिए अवतार लिया था। इस मौके पर समाज के प्रमुख सदस्य अजय रोहरा ने कहा की "सिंधी समाज हर साल इस पर्व को पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाता है। चेटीचंड केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, एकता और भगवान झूलेलाल के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देता है।" उन्होंने आगे कहा कि समाज के सभी लोग इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करते हैं, जो हमारी सामाजिक समरसता को दर्शाता है। इस भव्य आयोजन में समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें श्री राम माखीजा, जय राम रोहरा, वीर भान दास रोहरा, कन्हैया रोहरा, प्रकाश रोहरा, रॉकी रोहरा, सुनील रोहरा, विकास रोहरा, आशीष रोहरा, अजय रोहरा, आसिफ मेमन, अजय दासवानी, बिनय दासवानी, रितेश रोहरा, रवि रोहरा, रोहित रोहरा, हार्दिक रोहरा, उमेश बर्फानी, राधेश्याम सोनवानी सहित समाज के अन्य प्रमुख सदस्य शामिल थे। सभी ने इस पर्व को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।



## खबर संक्षेप



### रश्मि व साक्षी का नवोदय में चयन

**छुरा।** सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में कक्षा पांचवीं के छात्रा रश्मि दीवान पिता झाडू राम दिवान और साक्षी दिवान पिता भारत राम दीवान ने अपने माता पिता के साथ -साथ अध्ययनरत संस्था के भी नाम रोशन किया है। इस खुशी के मौके पर संस्था के प्राचार्य बिंदू जॉर्ज जेकब ने अपने आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि हमारे संस्था से प्रति वर्ष ऐसे बहुत सारे मेधावी छात्र -छात्राओं ने अपने कड़ी मेहनत करते हुए पिछले कई वर्षों से नवोदय विद्यालय के लिए चयन होते आए है। हमारे विद्यालय परिवार के तरफ से इन बच्चो के उज्वल भविष्य के कामना करते है। साथ ही संस्था के निर्देशक शैजू जेकब, प्रबंधक आशीष जॉर्ज जेकब, अकादमिक निर्देशक सुमंत कुमार आचार्य, उप प्राचार्य लोवित रत्नाकर शिक्षक शिक्षिकाओं दुष्यन्त, मोहित, भोजराम, कृष्ण, दीप्ति, कीर्ति, विनीता, राधा, बरखा, नाहिदा, परमेश्वरी, आरती आदि ने आशीर्वाद प्रदान किए।

### कुंदन चंदेल का नवोदय में चयन

**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला कोयलाभट्ठा पोखरा के छात्र कुंदन



चंदेल का चयन नवोदय विद्यालय पांडुका के लिए हुआ है। छात्र के चयन होने पर शिक्षक राकेश चेलक, मुनेश साहू संकुल प्राचार्य डीके श्रीवास, समन्वयक रामायण साहू शाखा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहित गंधर्व सहित ग्रामीणों ने बधाई दी।

### नववर्ष पर मीठा शीतल पेयजल का वितरण

**महासमुंद।** नववर्ष प्रतिप्रदा विक्रम संवत 2082, नवरात्र, झूलेलाल जयंती, आर्य समाज की स्थापना दिवस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशवदास बलीराम हेडगेवार एवं गौतम ऋषि का जन्मोत्सव, गुरुअंगद देव का प्रकाश पर्व के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद ने नेहरू चौक में मीठा शीतल पेयजल वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से गुरुबच्चन सिंह, बिपिन महंती, सुनील श्रीवास्तव, अखिलेश लूनिया, पंकज चन्द्राकर, उत्तम वर्मा, नरेश नायक, हिमांशु तिवारी, रहील गुप्ता, कान्हा प्रधान, राकेश साहू, रामेश्वर गोलू साहू, लवेश साहू, चन्दन नेताम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जिले के एकमात्र पीएमश्री विद्यालय तुमगांव का हुआ उद्घाटन

**महासमुंद।** राज्य में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्य हुए। इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्य के 29 जिलों में स्थित 130 पीएमश्री विद्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन किया। महासमुंद विकासखंड के अंतर्गत चयनित एकमात्र पीएमश्री विद्यालय तुमगांव का भी इस अवसर पर उद्घाटन किया गया।

**विडंबना : शौचालय निर्माण के नाम पर कई स्कूलों की राशि आहरण कर किया गबन, नींव खोदकर छोड़ा**

# 400 शासकीय स्कूलों में 1 हजार प्लस शौचालय का निर्माण, 75 प्रतिशत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

एक तरफ स्वच्छ भारत अभियान के तहत सरकार द्वारा वाह वाही लूटी जा रही है वहीं दूसरी तरफ जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के कई शासकीय स्कूलों में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही है, शौचालयों की स्थिति काफी हद तक बदतर हो चुकी है अंचल के सरकारी स्कूलों में शौचालय का बुरा हाल है, नियमित सफाई और संबंधित अधिकारियों के देख-रेख के अभाव में शौचालय अनुपयोगी साबित हो रहे हैं, वहीं विद्यार्थियों को मैदान या दीवार की ओट में लघुशंका की मजबूरी है शौचालय की गंदगी की वजह से शाला परिसर में भी गंदगी फैली हुई है, विद्यार्थियों की मुलभूत जरूरतों और स्कूल की स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

- एक स्कूल में तीन से चार शौचालय का किया निर्माण लेकिन नहीं है पानी व मूलभूत सुविधाएं

मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में शासकीय प्राथमिक शाला 256 मिडिल स्कूल 117 हाईस्कूल 17 एवं हायर सेकेंडरी स्कूल 13 है शासकीय स्कूलों की कुल संख्या 403 है जिसमें अधिकांश स्कूलों में तीन-तीन से चार-चार शौचालय का निर्माण पिछले 15 वर्षों के भीतर किया गया है और यहां शौचालय कौन-कौन सा योजना के तहत निर्माण किया गया है इसके बारे में स्थानीय शिक्षा विभाग को भी जानकारी नहीं है, 2005 -07 के बीच सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी स्कूलों में शौचालय का निर्माण किया जाना था जिसमें कई स्कूलों में आज तक शौचालय का निर्माण कार्य अधूरा है और आधा अधूरे जो शौचालय का निर्माण किया गया है वह पूरी तरह कंडम और जर्जर हो गया है इसमें पानी वह कोई सुविधा नहीं होने के कारण अधिकांश में ताला लगा हुआ है तथा पेड़ पौधे उग गए हैं, अधिकांश शौचालय में दरवाजा शौचालय सीट नहीं लगाया गया है जिसके कारण इसका उपयोग नहीं हो रहा है।



### पानी की टोंटी तक नहीं

सभी स्कूलों में शौचालय का निर्माण किया गया है और सभी जगह पानी की व्यवस्था है हालांकि कुछ शौचालय में पानी की टोंटी नहीं लगी है लेकिन स्कूल परिसर में पानी की पर्याप्त व्यवस्था है श्री पटेल ने बताया की सर्व शिक्षा अभियान, स्वच्छ भारतमिशन, ग्राम पंचायत एवं विभिन्न योजनाओं के तहत शौचालय का निर्माण स्कूलों में किया गया है फाइल देखकर ही पूरी जानकारी दे पाऊंगा।
**-महेश पटेल**, बीईओ मैनपुर

### मॉडल शौचालय का भी हाल-बेहाल

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के 25 स्कूलों में 07 वर्ष पहले मॉडल शौचालय का निर्माण किया गया था एक शौचालय में 7-8 लाख रुपए खर्च की गए थे इन शौचालय की भी हालत बेहद खराब है यह शौचालय आज तक उपयोग में नहीं लाया गया क्योंकि मॉडल शौचालय में पानी की सुविधा नहीं है गौरघाट, देहरगुड़ा सहित एक दर्जन ग्रामों में मॉडल शौचालय का निर्माण किया गया था सभी जर्जर स्थिति में पड़ा है।

### एक दर्जन से अधिक शौचालय अधूरे

मैनपुर क्षेत्र की स्कूलों में विभिन्न योजना के तहत शौचालय का निर्माण किया गया है सर्व शिक्षा अभियान के तहत 8-9 वर्ष पहले शौचालय निर्माण के लिए राशि जारी किया गया था जिसमें एक दर्जन से अधिक शौचालय अधूरा है जिसका आरसीसी प्रकरण बना कर वसूली के लिए भेजा गया है।
**- एसके नागे**,बीआरसीसी मैनपुर



### कई शौचालय की राशि आहरण के बाद भी कार्य अधूरा

क्षेत्र के स्कूलों में कई मदों से शौचालय का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया जिसमें कई शौचालय के राशि आहरण के बावजूद कहीं शौचालय निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है तो कहीं राशि आहरण के बाद पैसा गबन किए जाने की भी मामला सामने आई है इस मामले में शिकायत के बावजूद न तो अब तक जांच हुआ ना ही किसी प्रकार की कार्यवाही की गई, शासकीय स्कूल पयलीखंड में तीन लाख रुपए के लागत से शौचालय निर्माण कार्य के लिए नीव खुदाई कर निर्माण कार्य पिछले 4 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है कई बार शिकायत किया जा चुका है लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, तहसील मुख्यालय मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य अधूरा है अभी तक शौचालय में टाइल्स सेवा अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया है मजबूरन अधूरे शौचालय का उपयोग किया जा रहा है इसके संबंध में भी स्थानीय नगरवासियों द्वारा कई बार शिकायत किया जा चुका है शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर परिसर में 2 वर्ष की भीतर तीन नए शौचालय का निर्माण किया गया है तीनों शौचालय अधूरा पड़ा हुआ है इसमें पानी वी टाइल्स नहीं लगा है जब ब्लॉक मुख्यालय में यहां स्थित है तो दूरस्थ वनांचल की स्कूलों की बात छोड़ दीजिए, मैनपुर नगर के मिडिल स्कूल में शिक्षकों ने अपने स्वयं के खर्चे से एक छोटा सा शौचालय का निर्माण किया है 160 बच्चे इस शौचालय का उपयोग करने मजबूर हो रहे हैं, जबकि नगर स्थित स्कूलों का आए दिन शिक्षा विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है बावजूद इसके अब तक नगर के स्कूलों में सुविधा युक्तशौचालय की व्यवस्था नहीं की गई है।



### अग्निवीर में फामेश्वरी का चयन

**राजिम।** ग्राम परसदा जोशी की एक मजदूर की बेटी फामेश्वरी यादव का अग्निवीर में चयन हुआ जो छत्तीसगढ़ की प्रथम अग्नि वीर महिला है। इस अवसर पर उन्हें पुलिस मुख्यालय में पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें बधाई दी। गांव के प्रमुख लोगो में सरपंच गिनी सोनी, उपसरपंच ज्ञानेश शर्मा, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बेनराज सोनी, पूर्व उप सरपंच भारत यादव, जीवन साहू, योगेंद्र साहू, जीवन निषाद, दुकालू यादव ने शुभकामना दी। इस अवसर पर माता खोमीन यादव, पिता हीरालाल यादव मौजूद थे।

# झरझरा माता मंदिर में जल रहे आस्था के 541 ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

मुरमुरा में 1 किलोमीटर की दूरी पर झरझरा माता मंदिर है, जहां पर हर नवरात्र में हजारों श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है और जनप्रतिनिधि भी लगातार झरझरा में दर्शन के लिए आते हैं। देश- विदेश से भी लोग आस्था से जुड़े भाव लेकर आते हैं, सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू मां झरझारा माता मंदिर में आस्था के जोत जलाए और वहां पर पहुंचकर माता रानी की दर्शन किया। झरझरा में 541 ज्योति आस्था के साथ प्रज्ज्वलित है। साहू ने आगे बताया कि जिस प्रकार से घटारानी धाम प्रसिद्ध है ठीक उसी प्रकार से मुरमुरा गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर मां झरझरा निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना मनोरम दृश्य व झील पर अदृश्य



स्वरूपी झरझरा माता का दिव्य रूप विराजमान है, वहां पर पर्यटन स्थल से चारों तरफ गिरा हुआ है आकर्षक से सौंदर्य है जो मन को भावित करता है इस पर्यटन स्थल को देखने के लिए वह माता रानी के दर्शन के लिए आसपास के साथ-साथ दूर-दूर से श्रद्धालु लोग बड़े आस्था और भाव लेकर दर्शन के लिए आते हैं, और इस पुण्य अवसर पर किए गए कार्य सिद्ध होते हैं भक्तों की मनोकामना पूरी होती है इसलिए भक्तों द्वारा देवी स्थलों पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है जो लोगों के आस्था का सीधा उदाहरण है जिसमें पूरे 9 दिनों तक ढोल मंजीरे झांझ आदि द्वारा माता के यश का गान सेवा भाव से किया जाता है।

**9 दिनों तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था-** झरझरा समिति के अध्यक्ष ढालू राम साहू ने कहा कि लोग आस्था के नाम से ज्योत प्रज्वलित करते हैं,चैत्र नवरात्रि व क्वांर नवरात्रि दोनों में हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा बड़े भाव से जलाते हैं। और सभी दर्शनार्थ लोगों के लिए पूरे 9 दिनों तक भोजन प्रसादी की व्यवस्था मां झरझारा समिति व अनेक दान दाताओं के द्वारा किया जाता है। इसमें मुख्य रूप से जय मां झरझरा विकास समिति के अध्यक्ष ढालू राम साहू, युवा नेता अनिल कुमार साहू , सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू, प्रथम पुजारी स्व. गैंद राम साहू, जीवन साहू, भिखारी साहू, रामदयाल यादव, रूपेश साहू, अगेश साहू, वासुदेव ध्रुव, कुलेश्वर साहू, खेलावन, मोहन, नीरज, वेदप्रकाश, हरिश, शेखर, टोमन, राकेश, कीर्तन, चिंता, एनसिंग, दीनदयाल, पंचराम, फूलसिंह, युगल, कमलनारायण, होरीलाल, भोला राम, रोशन साहू, पंचू राम आदि उपस्थित थे।

# ग्राम सभा के अध्यक्ष विष्णु राम और सचिव मोहित बने





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खंड के ग्राम अकलवारा में परंपरा अनुसार ग्रामीण विकास समिति (ग्रामीण सभा) का पुनर्गठन गठन किया गया। यह समिति ग्राम के ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण व ग्राम विकास में सकारात्मक भागीदारी निभाती है। इस समिति का चुनाव पंचायत चुनाव के बाद गांव के समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में होती है। इसका कार्यकाल 5 वर्षों का होता है। ग्रामीणों की भारी एवं गरिमामय उपस्थिति में इस वर्ष ग्राम विकास समिति (ग्रामीण सभा) के सदस्यों का चुनाव निर्विरोध व निर्विवाद रुप से सम्पन्न हुआ। जिसमें ग्राम प्रमुख पुरण ठाकुर, एके सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष दाउलाल दीवान, नवनिर्वाचित सरपंच गोवर्धन दीवान, के समक्ष ग्राम के नए ग्राम समिति एवं महिला संगठन का चयन एवं शपथ ग्रहण कराया गया जिसमें अध्यक्ष विष्णु राम ध्रुव, उपाध्यक्ष उदेराम दीवान, सचिव मोहित सेन, सहसचिव खेम बघेल, कोषाध्यक्ष पंचराम निषाद, सलाहकार प्रभुराम ध्रुव, एवं सदस्यगण राजेन्द्र कुमार दीवान, पुनाऊराम भारती, प्रितराम निषाद, सोनू राम दीवान, टोमेश्वर सेन, संतराम निषाद, टोमन दीवान, पदुम दीवान, विनोद सोनी, संजय निर्मलकर, कुमार राम कमार, खोमन यादव, तिलक निषाद, कान्तुराम निषाद, तुके राम राम निषाद, रैयम दीवान, जितुराम साहू, रोमन दीवान, सुरज विश्वकर्मा एवं महिला ग्राम समिति के अध्यक्ष पुष्पा बाई दीवान, उपाध्यक्ष हिरौनी सेन, सचिव पार्वती दीवान, कोषाध्यक्ष परमिला निर्मलकर, सहसचिव रुखमनी निषाद, सलाहकार सरस्वती निषाद और सदस्यगण अनिता सेन, छली सेन हरा बाई, हेमीन कंवर, पुर्णिमा कंवर चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर चंदन, वंदन व नमन किया गया। इसी कड़ी में निवर्तमान पदाधिकारियों द्वारा नये पदाधिकारियों को रजिस्टर सौंपकर चार्ज दिया गया। अंत में ग्राम प्रमुख पुरण ठाकुर एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष विष्णु राम ध्रुव, उदेराम दीवान द्वारा आम जनता को संबोधित किया जिसमें सभी ने ग्राम विकास में एक साथ मिलकर चलने की बात कही गई। सम्मिलन का सफल संचालन ग्राम विकास समिति (ग्रामीण सभा) के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार सेन ने किया।

# कलशयात्रा के साथ भागवत का प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शीतला माता समिति छुरा द्वारा चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर देवी भागवत कथा आयोजन के प्रथम दिवस रविवार को कलशयात्रा धूमधाम से शीतला मंदिर से बस स्टेंड, बजरंग चौक, झूलेलाल चौक होते हुए राजा तालाब तक निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में माताओं बहनें सिर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। एवं जल लेकर कथा स्थल शीतला मंदिर पहुंचे। कलशयात्रा में कथा वाचक रामानुज अनिरुद्ध दास जीदिनेश्वर प्रसाद शर्मा भी शामिल रहे। साथ ही समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह, वीरेंद्र पांडेय, धनंजय शुक्ला, लखन तिवारी, रुपेश शर्मा, शीतल ध्रुव, हीरालाल साहू, मिथलेश सिन्हा, कुमार ध्रुव, हरक, उत्तम साहू, कोमल सोनी, मितेश सोनी, सुभाष बैगा, देश बाई, उषा कवर, कुलेश्वरी देवांगन, एलिका सिन्हा, लक्ष्मी साहू, गुलाब पटेल, नर्मदा, जोगी राम, देवी ध्रुव, शिव शक्ति महिला मानस, आदर्श महिला रामायण परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

**जिले में महिला कानूनी अधिकार पर कार्यशाला का आयोजित**

# महिलाओं को समाज में हक और अधिकार पाने के लिए करना होगा संघर्ष : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

एक दिवसीय महिला कानूनी अधिकार क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन लोक आस्था सेवा संस्थान द्वारा आईपीएएस फंड के सहयोग से आक्शन हाल गरियाबंद में आयोजित किया गया जिसमें गरियाबंद जिला के दूरस्थ स्थान से पिछड़ी जनजाति से कमार और भुजिया जनजाति के 100 से अधिक महिला शामिल हुई। जिसमें महिला अधिकार को लेकर अधिवक्ता दिव्या शर्मा मैडम ने बताया कि हमारे समाज में हक और अधिकार पाने के लिए लिए संघर्ष करना होगा कानूनी रूप महिलाओं को समानता का अधिकार रोजगार पाने के लिए समानता कानून द्वारा प्रदान किया गया है। और बाल विवाह, पैतृक संपति पर समान हक, घरेलू हिंसा जैसे कानून के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और महिलाओं के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग का भी गठन के बारे बताया। इसके पश्चात रेवती यादव केंद्र पप्रशासक सखी वनस्टॉप सेंटर से बताया कि महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर सखी वनस्टॉप सेंटर की मदद ले के सकते साथ ही बताया कि 2012 में निर्भया केस के बाद केंद्र सरकार ने 2015 में महिलाओं के सहायता के लिए इस योजना की शुरुआत किया और गरियाबंद में यह 2017 से संचालित है छत्तीसगढ़ में 27 जिला में यह योजना संचालित है महिलाओं के सहायता के लिए 181 पर काल कर जानकारी दे सकते इसके यह 24 घंटा महिलाओं के कार्य के लिए तत्पर है।

### महिलाओं को अपने हक के लिए जागरूक होने जरूरत-



घरेलू हिंसा के अंतर्गत भी शिकायत कर सकते है इसके तहत महिलाओं को काउंसलिंग, विधिक सहायता, स्वास्थ्य और 5 दिवस तक निवास की व्यवस्था की जाती है यह महिलाओं के लिए ही है। इसके बाद नीरज झारे ने पॉक्सो एक्ट के बारे में बताया कि इसके तहत आरोपी को उम्रकैद से लेकर मृत्यु दंड तक की सजा का प्रावधान इस कानून के तहत किया गया इसके बाद संस्था अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस हमारी सुरक्षा के लिए जब एफआईआर दर्ज करती है तो हमें उसका कॉपी मांगने का हक है। इसकी जानकारी हम प्राप्त कर सकते है। अंत में संस्था सचिव ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए महिला उत्पीड़न कानून 2013 के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और बताया कि महिलाओं को अपने हक के लिए जागरूक होने जरूरत है समाज में महिलाओं को भी समानता की अवसर प्रदान करने आवश्यकता है ताकि समाज में महिलाओं को भी समानता प्रदान हो सके और महिलाएं आगे आ सके।

